SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 12/03/2020

Q1. निम्न में से किस पार्टी की नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है?

क. भाजपा

ख. कांग्रेस

ग. समाजवादी पार्टी

घ. जन-समाजवादी पार्टी

SarkariExam.Com

कांग्रेस पार्टी की नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचकर अमित शाह की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

Q2. बाजार में भारी गिरावट के बाद आरआईएल को पीछे छोड़कर कौन सी कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है?

क. विप्रो

ख. टीसीएस

ग. अशोक लेलैंड

घ. इनमे से कोई नहीं

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में भारी गिरावट से मुकेश अम्बानी की आरआईएल को झटका लगा है. आरआईएल को पीछे छोड़कर हाल ही में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) देश की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है.

Q3. भारत की किस राज्य सरकार ने "राम वन गमन पथ" निर्माण के लिए ट्रस्ट गठन को मंजूरी दे दी है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. मध्य प्रदेश सरकार

SarkariExam.Com

मध्य प्रदेश सरकार ने “राम वन गमन पथ” निर्माण के लिए ट्रस्ट गठन को मंजूरी दे दी है. जिसके अध्यक्ष मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ होंगे. इस “राम वन गमन पथ” परियोजना का मुख्य उद्देश्य उस मार्ग की खोज करना है जिससे भगवान राम वनवास के समय उससे होकर गुजरे थे.

Q4. प्रशांत कुमार ने हाल ही में किस बैंक के प्रशासक का पदभार ग्रहण किया है?

क. केनरा बैंक

ख. बड़ोदा बैंक

ग. यस बैंक

घ. इंडियन बैंक

प्रशांत कुमार ने हाल ही में यस बैंक के प्रशासक का पदभार ग्रहण किया है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने यस बैंक पर रोक लगाने और उसके निदेशक मंडल को भंग करने के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर नियुक्त किया है.

Q5. 11 मार्च को भारत में कौन सा केंद्र शासित दिवस मनाया जाता है?

क. दिल्ली दिवस

ख. चेन्नई दिवस

ग. अंडमान-निकोबार दिवस

घ. कोलकाता दिवस

11 मार्च को भारत में अंडमान-निकोबार दिवस मनाया जाता है. अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण में हिन्द महासागर में स्थित है.

SarkariExam.Com

Q6. 11 मार्च 2011 भारत के रक्षा वैज्ञानिकों ने उड़ीसा के समुद्र तट पर कितने किलोमीटर तक फायर करने वाली धनुष और पृथ्वी मिसाइलों का सफल परीक्षण किया था?

क. 150 किलोमीटर

ख. 250 किलोमीटर

ग. 350 किलोमीटर

घ. 450 किलोमीटर

11 मार्च 2011 भारत के रक्षा वैज्ञानिकों ने उड़ीसा के समुद्र तट पर 350 किलोमीटर तक फायर करने वाली धनुष और पृथ्वी मिसाइलों का सफल परीक्षण किया था.

Q7. बैडमिंटन का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप वर्ष 2020 में कब खेली जाएगी?

क. मार्च 2020

ख. अप्रैल 2020

ग. जून 2020

घ. जुलाई 2020

बैडमिंटन का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप वर्ष 2020 में 11 से 15 मार्च के बीच खेला जायेगा. इस टूर्नामेंट की शुरुआत ब्रिटिश आर्मी के कुछ अफसरों ने 1899 में की थी.

SarkariExam.Com

Q8. पश्चिमी प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक किस देश में हाल ही में कोरोना वायरस से पहली मौत हुई है?

क. इराक

ख. कनाडा

ग. अफ्रीका

घ. ऑस्ट्रेलिया

पश्चिमी प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक कनाडा में हाल ही में कोरोना वायरस से पहली मौत हुई है. स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है की एक बुजुर्ग की देखभाल करने वाला एक व्यक्ति कोविड-19 से संक्रमित था और उसका निधन हो गया है.

Q9. हाल ही में किस देश ने भारत और 13 अन्य देशों के लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई दी है?

क. चीन

ख. अमेरिका

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. कतर

कतर ने हाल ही में भारत और 13 अन्य देशों के लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई दी है. जिसमे आगमन पर वीजा, रेसीडेंस, वर्क परमिट और अस्थायी आगंतुक भी शामिल है.

SarkariExam.Com

Q10. 11 मार्च 1922 को तन् अब्दुल रजाक किस देश के दुसरे प्रधानमंत्री बने थे?

क. जापान

ख. इण्डोनेशिया

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. मलेशिया

11 मार्च 1922 को तन् अब्दुल रजाक मलेशिया के दुसरे प्रधानमंत्री बने थे.

Q11. रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अम्बानी को पीछे छोड़कर कौन एशिया का सबसे अमीर शख्स बन गया है?

क. रतन टाटा

ख. जैक मा

ग. गौतम अदानी

घ. सुंदर पिचाई

चीन के उद्योगपति और अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग लिमिटेड के संस्थापक जैक मा हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रियज के मुकेश अम्बानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर शख्स बन गए है. हाल ही में मुकेश अम्बानी की दौलत 5.8 अरब डॉलर घटी है.

SarkariExam.Com

Q12. हाल ही में किस बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में कटौती की है?

क. यस बैंक

ख. केनरा बैंक

ग. पंजाब नेशनल बैंक

घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में कटौती की है. एसबीआई की 7 से 45 दिन की अवधि वाली एफडी पर 4% का ब्याज मिलेगा जो की पहले 4.5% था. एसबीआई की नई दरें 10 फरवरी से लागू हो गयी है.

Q13. निम्न में से किस बैंक ने अपने ग्राहकों को कर्ज अदायगी में छूट देने का ऐलान किया है?

क. आईसीआईसीआई बैंक

ख. केनरा बैंक

ग. इंडियन बैंक

घ. यस बैंक

यस बैंक ने कहा है की अब अपने क्रेडिट कार्ड या लोन का भुगतान NEFT और IMPS मोड से कर सकेंगे. और बैंक ने ग्राहकों को कर्ज अदायगी में छूट देने का ऐलान किया है.

SarkariExam.Com

Q14. किसान रेल चलाने से संबंधित तैयारियों के लिए किसने एक समिति का गठन किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. निति आयोग

घ. केंद्र सरकार

किसान रेल चलाने से संबंधित तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने एक समिति का गठन किया है. जिसके लिए रेलवे और कृषि मंत्रालयों मिलकर काम करेंगे. केंद्रीय बजट 2020-21 की प्रस्तुति के दौरान निर्मला सीतारमण ने किसान रेल योजना का प्रस्ताव दिया था.

Q15. अफगानिस्तान में शांति लाने के लिए किसने अमेरिका और तालिबान के बीच हुए समझौते के प्रस्ताव को पास कर दिया है?

क. केंद्र सरकार

ख. वर्ल्ड बैंक

ग. यूनेस्को

घ. यूएनएससी

यूएनएससी यानि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हाल ही में अफगानिस्तान में शांति लाने के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच हुए समझौते के प्रस्ताव को पास कर दिया है. इस प्रस्ताव में अफगानिस्तान सरकार से महिलाओं सहित राजनीतिक और अन्य कार्य को शांति प्रक्रिया करने का निवेदन किया गया है.

SarkariExam.Com

Q16. 12 मार्च को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. आतंकवाद के खिलाफ विश्व दिवस

ख. युद्ध के खिलाफ विश्व दिवस

ग. साइबर सेंसरशिप के खिलाफ विश्व दिवस

घ. इनमे से कोई नहीं

12 मार्च को विश्वभर में साइबर सेंसरशिप के खिलाफ विश्व दिवस (World Day Against Cyber Censorship) मनाया जाता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक आज के दिन सीरिया में 22 पत्रकारों और 18 इंटरनेट यूजर्स को जेल की सजा हुई थी.

Q17. भारत की किस पंजाब सरकार ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए कौन सा मोबाइल एप्प लांच किया है?

क. खत्म कोरोना

ख. वी फिनिश कोरोना

ग. कोवो पंजाब

घ. सेव लाइफ फिनिश कोरोना

पंजाब सरकार ने हाल ही में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए कोवो पंजाब (Covo Punjab) नाम का मोबाइल एप्प लांच किया है. इस एप्प में कोरोना वायरस से बचने के लिए यात्रा व अन्य बचाव के उपाय बताए गये हैं.

SarkariExam.Com

Q18. आईसीसी ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2021 किस देश में खेले जाने की घोषणा की है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. भारत

ग. न्यूजीलैंड

घ. दक्षिण अफ्रीका

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2021 न्यूजीलैंड देश में खेले जाने की घोषणा की है. साथ ही आईसीसी ने कहा है की अब से फाइनल के साथ सेमीफाइनल के लिए भी रिजर्व-डे होगा.

Q19. कोरोनावायरस के कारण कितने भारतीय शटलर ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन से अपना नाम वापस ले लिया है?

क. 2 भारतीय शटलर

ख. 3 भारतीय शटलर

ग. 5 भारतीय शटलर

घ. 7 भारतीय शटलर

कोरोनावायरस के कारण 7 भारतीय शटलर ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन से अपना नाम वापस ले लिया है. साथ ही टोक्यो ओलिंपिक के लिए साइना नेहवाल और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत अभी भी क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं.

SarkariExam.Com

Q20. यूईएफए चैम्पियंस फुटबॉल लीग में किस टीम के जोसिप इलीसिच लीग में हैट्रिक लगाने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. जर्मनी

ग. अटलांटा

घ. अफ्रीका

यूईएफए चैम्पियंस फुटबॉल लीग के प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में अटलांटा के तरफ से जोसिप इलीसिच ने 4 गोल किये जिसमे हैट्रिक भी शामिल है. इस हैट्रिक के साथ 32 साल और 41 दिन के जोसिप इलीसिच इस लीग में हैट्रिक लगाने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं.

SarkariExam.Com